

02

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 02 दिसंबर 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अमांत-कार्तिक, शुक्ल पक्ष नवमी, मूल्य, 2.00 रुपए


## अग्रवाल कॉलेज में मनाया विश्व एड्स दिवस

आज समाज नेटवर्क



विश्व एड्स दिवस पर श्रृंखला बनाकर जागरूक करते हुए।

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में बृहस्पतिवार कोमहाविद्यालय के रेड रिबन क्लब और यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर एड्स जागरूकता को लेकर महाविद्यालय के 67 वालंटियर्स द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता से लड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एक वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें पंकज नागर, काउंसलर (इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, सिविल हॉस्पिटल, बल्लभगढ़) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने महाविद्यालय के वॉलंटियर्स को संबोधित करते हुए एचआईवी एड्स संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एड्स के कारणों और उपचारों के बारे में भी चर्चा की गई।

महाविद्यालय प्राचार्य महोदय ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का प्रचार एवं प्रसार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छमा एमएससी गणित फाइनल ने प्रथम, भूमिका बीकॉम ऑनर्स सेकंड ईयर ने दूसरा तथा ईशा गोयल बीकॉम ऑनर्स सेकंड ईयर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में आंचल एमएससी गणित फाइनल ने प्रथम, रश्मि एमए अर्थशास्त्र प्रीवियस ने दूसरा तथा भावना एमएससी गणित फाइनल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने आयोजन समिति व विजेताओं को बधाई दी।